देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 140 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...डिजिटल लत और बढ़ता संकट



देहरादून, शनिवार, 6 जुलाई 2019

# पेज थ्री



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 24.0° | 39513.39

2 कैलिफोर्निया में लगे भूकंप के झटके

7 जीत के साथ विंडिज का सफर समाप्त


# सीतारमण ने खोली बजट की पोटली

■ईज ऑफ डुइंग बिजनस के साथ ईज ऑफ लिविंग बेहतर बनाने पर भी जोर

## वित्त मंत्री ने टैक्स स्लैब में नहीं किया है कोई बदलाव

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को टैक्स से जुड़े हुए कई ऐलान किए। टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि मिडिल क्लास को खुश करने के लिए टैक्स से जुड़ी कुछ राहतें घुमा-फिराकर दी गईं।

मसलन अगर आपको टैक्स बचाना है, तो ई-वीइकल या फिर घर खरीदने पर खर्च करना होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने बाद खास बातचीत में कई अहम मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान पहली बार महिलाओं ने इतनी बड़ी संख्या में वोटिंग की।

अब महिलाएं और आगे आकर देश का नेतृत्व करें, इसके लिए हमारी सरकार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार का जोर ईज ऑफ डुइंग बिजनस के साथ ईज ऑफ लिविंग पर भी है।

**टैक्सपेयर्स को वित्त मंत्री ने कहा धन्यवादः** इससे पहले सीतारमण ने ईमानदारी से इनकम टैक्स देने वालों को धन्यवाद कहा। उन्होंने बताया कि डायरेक्ट टैक्स 2013-14 में 6.38 लाख करोड़ से बढ़कर 2018-19 में बढ़कर 11.37 लाख करोड़ हुआ।

**टैक्स बचाना है, तो इलेक्ट्रिक वीइकल खरीदेंः** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि इलेक्ट्रिक वीइकल खरीदने पर इनकम टैक्स में 1.5 लाख की अतिरिक्त टैक्स छूट मिलेगी। यह छूट वाहन खरीदने को लिए गए लोन पर दिए जाने वाले ब्याज पर मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों की जीएसटी दर में भी कटौती होगी। इसे 12 प्रतिशत से कम करके 5 प्रतिशत किया जाएगा।



### 45 लाख तक का घर खरीदने पर टैक्स में छूट

अगर कोई शख्स लोन लेकर 45 लाख रुपये तक का घर खरीदता है तो उसे इनकम टैक्स में 1.5 लाख की अतिरिक्त छूट मिलेगी। यह छूट उन्हें ही मिलेगी जो होम लोन मार्च 2020 से पहले या उस महीने तक लेंगे।

### अमीरों पर बढ़ा टैक्स का बोझ

आम बजट से अमीरों पर टैक्स का बोझ बढ़ने की बात भी कही जा रही है। 2 करोड़ की आय तक टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है। 2 से 5 करोड़ की आय पर 3 फीसदी अतिरिक्त कर लगेगा। वहीं 5 करोड़ से ज्यादा की आय पर 7 फीसदी अतिरिक्त टैक्स लगेगा।

### डीजल, पेट्रोल पर एक रुपये उपकर

वित्त मंत्री ने देश में पेट्रोल एवं डीजल पर लगने वाले उपकर में एक-एक रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। पेट्रोलियम उत्पादों के बढ़ते आयात को हतोत्साहित करने के परोक्ष उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार भारत में अप्रैल मार्च 2018-19 के दौरान तेल आयात 140.47 अरब अमेरिकी डॉलर (9,83,147.76 करोड़ रुपये) था, जो इससे पिछले वर्ष की समान अवधि में 108.66 अरब अमेरिकी डॉलर (7,00320.81 करोड़ रुपये) था। डालर के लिहाज से तेल आयात में 29.27 प्रतिशत वृद्धि हुई थी।

**25 प्रतिशत कॉरपोरेट टैक्स**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 400 करोड़ रुपये तक का कारोबार करने वाली कंपनियों पर 25 प्रतिशत की दर से कॉरपोरेट कर लगाने का प्रस्ताव किया।

**बैंक से साल में एक करोड़ निकालने पर टैक्सः** बैंकों से एक साल में एक करोड़ रुपये की अधिक की निकासी पर अब दो फीसदी टीडीएस लगेगा।

**टैक्स रिटर्न भरना है, तो आधार भी चलेगाः** अगर आपके पास पैन कार्ड नहीं हो, तो भी आप इनकम टैक्स रिटर्न भर पाएंगे। बजट में प्रावधान किया गया है कि इनकम टैक्स रिटर्न अब आधार के जरिए भी फाइल किया जा सकेगा।

**सोने पर बढ़ी कस्टम ड्यूटी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोने पर कस्टम ड्यूटी 2.5 प्रतिशत बढ़ा दिया है। वित्त मंत्री ने सोने पर कस्टम ड्यूटी 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया है। कस्टम ड्यूटी बढ़ने से सोने की कीमतें बढ़ जाएंगी।

## बजट में नया कुछ नहीं, नई बोतल में पुरानी शराब जैसेः कांग्रेस

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को अपना पहला बजट पेश किया। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का भी यह पहला बजट है। वही दूसरी तरफ मुख्य विपक्षी कांग्रेस ने बजट की आलोचना करते हुए कहा है कि इसमें कुछ भी नया नहीं है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, बजट में कुछ भी नया नहीं है। इसमें पुराने वादों का दोहराव है। वे न्यू इंडिया की बात कर रहे हैं लेकिन बजट नई बोतल में पुरानी शराब है। कुछ भी नया नहीं है, रोजगार सृजन के लिए कोई योजना नहीं है, कोई पहल नहीं की गई है।

# सरकार ने कहा, न्यू इंडिया का बजट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को वर्ष 2019-20 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया। सत्ता पक्ष ने बजट की जमकर तारीफ की है और इसे न्यू इंडिया का बजट बताया है। दूसरी तरफ मुख्य विपक्षी कांग्रेस ने इसे पुराने वादों का दोहराव और नई बोतल में पुरानी शराब करार दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट को भारत को पावरहाउस बनाने वाला और 21वीं सदी के सपनों को पूरा करने वाला बजट बताया है। पीएम मोदी ने कहा, आज लोगों के जीवन में नई आशाएं और

### न्यू इंडिया के सपनों को पूरा करने वाला बजटः पीएम

खूब सारी आकांक्षाएं हैं। यह बजट लोगों को यह विश्वास दे रहा है कि दिशा सही है, गति सही है और इसलिए लक्ष्य पर पहुंचना भी सही है। यह बजट 21वीं सदी के भारत के सपने को पूरा करने वाला है। यह बजट 2022 यानी आजादी के 75वें वर्ष के लिए निर्धारित संकल्पों को पूरा करने के लिए मार्ग बनाएगा।

**बजट किसानों, युवाओं, गरीबों, महिलाओं का सपना पूरा करने वालाः शाह**

गृह मंत्री अमित शाह ने बजट की तारीफ करते हुए इसे किसानों, युवाओं, गरीबों, महिलाओं का सपना पूरा करने वाला बताया है। शाह ने कहा, शनिर्मला सीतारमण ने न्यू इंडिया का बजट पेश किया है, जो समावेशी और प्रगतिशील राष्ट्र का बुनियाद रखने वाला है। 130 करोड़ भारतीयों की कड़ी मेहनत से न्यू इंडिया का उदय हो रहा है। बजट भारत के किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के सपनों को पूरा करने के लिए पंख लगाएगा।



### यह भविष्योन्मुखी बजटः राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बजट को भविष्योन्मुखी बताया है जो देश में सामाजिक-आर्थिक बदलाव लाने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की ओर ले जाने में सफल होगा। सिंह ने कहा कि बजट में समाज के हर तबके का ख्याल रखा गया है चाहे वे गरीब हों, पिछड़े हो या अमीर हों।

## संक्षिप्त समाचार

### नलिनी श्रीहरन को मिला 30 दिनों का परोल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

चेन्नै। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या मामले में उम्र कैद की सजा काट रही नलिनी श्रीहरन को 30 दिनों को परोल दे दिया गया है। नलिनी ने अपनी बेटी की शादी करने के लिए हाई कोर्ट से छह महीने का परोल मांगने वाली याचिका दायर की थी। शुक्रवार को हाई कोर्ट ने उनकी याचिका का निस्तारण करते हुए उन्हें एक महीने का परोल ही मंजूर किया है।

### समर्थकों सहित 9 जुलाई तक पुलिस हिरासत में नितेश राणे

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सिंधुदुर्ग। कांग्रेस विधायक नितेश राणे और उनके समर्थकों को एक इंजिनियर पर कीचड़ फेंकने के मामले में 9 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है। नितेश ने गुरुवार को महाराष्ट्र में एक जूनियर इंजिनियर पर कीचड़ उड़ेल दिया था और बाद में पुल से बांध दिया था। इस घटना का विडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था।

# इस्तीफे के बाद अदालतों के चक्कर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

पटना। कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद राहुल गांधी को इस महीने एक के बाद एक कई अदालतों के चक्कर लगाने हैं। चुनाव के दौरान आरएसएस के खिलाफ दिए अपने बयानों का बचाव करने के लिए राहुल गुरुवार को मुंबई के शिवड़ी कोर्ट में उपस्थित हुए थे। शनिवार को उन्हें बिहार की राजधानी पटना की एक अदालत में पेश होना है। राहुल गांधी के खिलाफ बिहार के उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने मानहानि का मामला दायर किया था। राहुल को इस महीने पटना कोर्ट के अलावा तीन और मामलों में देश के अलग-अलग कोर्ट में पेश होना है।

सुशील मोदी ने उक्त मामला गांधी द्वारा कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी रैली में यह टिप्पणी करने पर आपत्ति जताते हुए दायर किया था कि सभी चोरों के उपनाम मोदी क्यों हैं। गांधी का इशारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बैंक धोखाधड़ी आरोपी नीरव मोदी और आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी की ओर था।

### झटका

राहुल गांधी को 4 बार अदालत में होना है पेश

**मुजफ्फरपुर जा सकते हैं राहुल**

स्थानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गांधी मुजफ्फरपुर भी जा सकते हैं जो कि राज्य भर में फैले एईएस से सबसे अधिक प्रभावित रहा है। इससे बीमारी से 150 से अधिक बच्चों की मौत हो चुकी है। हालांकि बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष कौकब कादरी ने इस बारे में कहा, राहुल गांधी के पूरे कार्यक्रम को अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है।

**इन तीन मामलों में भी है पेशी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को हत्या आरोपी पार्टी प्रेजिडेंट वाले उनके बयान पर अहमदाबाद की एक अदालत में 9 जुलाई को उनकी पेशी है। इसके अलावा 12 जुलाई को राहुल की गुजरात के एक और कोर्ट में आपराधिक मानहानि केस में पेशी है। अहमदाबाद जिला को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन ने उनके खिलाफ केस दर्ज किया है। 24 जुलाई को राहुल की पेशी सूरत के एक कोर्ट में होगी। राहुल के सारे मोदी चोर हैं वाले बयान के खिलाफ सूरत की कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ केस दायर किया गया है।

# पंजाब में जनसंख्या वृद्धि दर में होगी सबसे अधिक गिरावट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

चंडीगढ़। अगले दो दशकों में पंजाब में जनसंख्या बढ़ोतरी में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की जाएगी। इसके बाद नंबर हिमाचल प्रदेश और हरियाणा का आएगा। आर्थिक सर्वे 2019 में हुए जनसंख्या प्रॉजेक्शन में यह बात सामने आई है। पंजाब में जब तक कि अंदरुनी स्थानांतरण ना हो, यहां की जनसंख्या में बढ़ोत्तरी की दर 2041 तक जीरो हो जाने की संभावना है। संसद में पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार इस पूरे क्षेत्र में जनसंख्या बढ़ोत्तरी की वार्षिक दर में लगातार गिरावट दर्ज होगी। पंजाब में 2011 में यह दर जहां 1.39 प्रतिशत थी।


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in